तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026



09 एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण में हुआ...



09 नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करने...



# कुलगांव राइस मिल में भीषण आग, अफरा-तफरी के बीच घंटों चला राहत कार्य

- आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं प्रशासन ने जांच के दिए निर्देश

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय की सीमा से लगे और राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित कुलगांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब सुबह का सामान्य दिन अचानक भयावह हादसे में बदल गया। धुएं के घने गुबार और आसमान छूती आग की लपटों ने इलाके में दहशत फैला दी। एजीबी एग्रो राइस मिल में लगी इस भीषण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे वहां रखा धान, बारदाना, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे राइस मिल परिसर से अचानक धुआं उठता देखा गया। देखते ही देखते आग ने पूरे मिल को अपनी चपेट में ले लिया। मिल में मौजूद मजदूरों और कर्मचारियों ने तत्काल बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और आसपास के लोगों को भी सतर्क किया। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही कांकेर फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना हुई और लगभग 15 से 20 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी।

आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां और नगर सेना की फायर टीम लगातार प्रयास में जुटी रही। कई घंटों की मशक्कत के बावजूद आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। घटनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारी और राहत दल भी पहुंच चुके हैं और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है।

## धान, बारदाना, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर राख



### जांच के बाद पता चलेगा आग लगने का कारण

आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। राइस मिल के मालिक के अनुसार प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री में अचानक आग लगने की जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दे दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से मौत परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम पड़गाल निवासी 35 वर्षीय इसरो पुड़ों की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित तुलसिंह पुड़ों के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत पुत्तावाही निवासी 44 वर्षीय धन्नो कुरेटी पति जोहित कुरेटी को सांप ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सीएचसी भानुप्रतापपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी 20 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जिपं में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 को

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 अप्रैल शुक्रवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## डेडलाइन खत्म हुए 22 दिन, अफसरों की बढ़ रही धड़कनें

# कांकेर में सक्रिय 2 नक्सली नारायणपुर पुलिस के संपर्क में, अब बचे 11 माओवादी

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


- पीपीएम दसरू से मिले इनपुट पर बचे नक्सलियों की खोजबीन में आई तेजी
- परतापुर एरिया कमेटी का चंदर व मंगलू पर बनी हुई है नजर

कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियान को लेकर तय की गई डेडलाइन खत्म हुए आज 22 वाँ दिन है। कांकेर में सक्रिय 13 नक्सलियों में 02 नक्सली नारायणपुर पुलिस के संपर्क में है और 11 नक्सलियों की तलाश कांकेर पुलिस करने में जुटी हुई है। नारायणपुर के संपर्क में आने वाले दोनों नक्सली बहुत जल्द हथियार डाल देंगे, जिसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक ने की है।

कांकेर जिले के जंगलो में अब सक्रिय 11 सक्रिय नक्सलियों की तलाश में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। जंगलों में दिन-रात गशत बढ़ा दी गई है, वहीं संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी जा रही है। बावजूद इसके, नक्सलियों का सुराग नहीं मिल पाना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि नक्सली अब पहले की तरह संगठित रूप से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे समूहों में बंटकर अपनी जान बचाने में लगे हुए है। हालांकि इतने व्यापक अभियान के बावजूद नक्सलियों का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि नक्सली अब पहले की तरह संगठित नहीं रहे, बल्कि छोटे-छोटे समूहों में बंटकर अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। यही वजह है कि सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच लुकाछिपी का खेल लगातार जारी है। इस पूरे अभियान में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया, जब मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के सदस्य दसरू शोरी ने आत्मसमर्पण किया। दसरू से मिले इनपुट के आधार पर कांकेर पुलिस अब उसी दिशा में रणनीति बनाकर काम कर रही है। पुलिस का मानना है कि इन जानकारियों के आधार पर जल्द ही बाकी नक्सलियों तक पहुंचा जा सकता है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि लगातार बढ़ते दबाव, सर्च ऑपरेशन और आत्मसमर्पण की नीति के चलते नक्सलियों के पास अब ज्यादा विकल्प नहीं बचे हैं।

यही कारण है कि पुलिस को विश्वास है कि आने वाले 2 से 4 दिनों के भीतर बाकी 11 नक्सली भी हथियार डाल सकते हैं। कांकेर में चल रहा यह अभियान अब अपने अंतिम चरण में नजर आ रहा है, जहां हर दिन नई उम्मीद के साथ सुरक्षा बल जंगलों में डटे हुए हैं। यदि पुलिस का दावा सही साबित होता है, तो यह नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जाएगी।




### ये हैं बचे हुए नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी में सक्रिय 7 नक्सलियों में चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर बचे है। मिलिट्री कंपनी नंबर 5 के बचे 4 नक्सली सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर सक्रिय है।

### परतापुर कमेटी के दो नक्सली जल्द डाल देंगे हथियार: एसपी

नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक राबिन्सन गुड़िया ने 21 अप्रैल को हरिभूमि कांकेर व्यूरो चीफ से बात करते हुए बताया कि परतापुर कमेटी के जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर और लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर के हमारी टीम के संपर्क में है और बहुत जल्द हथियार डालने के लिए तैयार हो चुके है।

# डिप्टी रेंजर की कार ने वाहन को मारी टक्कर, युवक बचे



हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर में सोमवार रात संबलपुर मेन रोड ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार ने ऐसी टक्कर मारी कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि धमतरी का एक डिप्टी रेंजर निकला और वह भी कथित तौर पर नशे में धुत बताया जा रहा था। भानुप्रतापपुर सुभाषपारा निवासी ऋषभ जैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे वे अपने साथी आयुष अग्रवाल और अमन तिवारी के साथ वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 0141 से कर्मचारी कॉलोनी की ओर जा रहे थे, तभी संबलपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 05 एजी 8516 ने लापरवाहीपूर्वक उनकी गाड़ी को बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और मौके पर हड़कंप मच गया। वाहन चालक से पूछताछ की गई तो उसकी पहचान धमतरी निवासी डिप्टी रेंजर ज्ञानचंद कश्यप के रूप में हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक अत्यधिक नशे में था। हादसे में ऋषभ जैन और उनके साथी आयुष अग्रवाल को कान और हाथ में चोटें आईं, जबकि आरोपी को भी चोट लगने पर उसके साथियों ने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने आरोपी का ब्लड टेस्ट और ब्रैथ एनालाइजर टेस्ट कराने की मांग किया, ताकि नशे की पुष्टि हो सके, लेकिन हैरानी की बात है कि यह जांच नहीं कराई गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ज्ञानचंद कश्यप के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

कांकेर। थाना भानुप्रतापपुर के ओव्हर ब्रीज के पास हुए सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। राजनांदगांव जिला के वार्ड क्रमांक 18 चंदन बिहारी नुक्कड़ निवासी 30 वर्षीय टिकेश्वरी गोरे पिता जसवंत कुमार गोरे हादसे में घायल हो गई थी, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। रायपुर के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# कोल्ड ड्रिंक के 10 रुपए को लेकर बवाल, मामला दर्ज

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र में महज 10 रुपए के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक युवक और पान ठेला संचालक के बीच जमकर मारपीट हुई। दिनदहाड़े हुई इस घटना में वृद्ध और युवक दोनो को चोट आई। दोनों ने थाना में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया। दोनो पक्ष की बात सुन पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे पखांजुर निवासी 63 वर्षीय सचिन विश्वास पिता जतिन विश्वास देवजीत ने पुलिस को बताया कि पेट्रोल पंप पखांजुर के पास मेरा पान ठेला दुकान है, जहां पर गर्मी सीजन होने से कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान भी रखता हूं। 20 अप्रैल को दोपहर को दुकान में था, तभी पीव्ही 55 निवासी प्रवीण हालदार आया और कोल्ड ड्रिंक मांगा और पूछा कितने का है। मैंने कहा कि इसकी कीमत 100 रूपए है, तब प्रवीण हालदार बोला कि यह 90 रूपए में मिलता है। आप 10 रूपए एक्स्ट्रा लगा रहे हो। ऐसा कहते हुए विवाद करने लगा। उसे विवाद करने से मना किया तो प्रवीण हालदार आवेश में आकर मुझे गाली देने लगा और जान से मार डालूंगा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटककर लात से मारपीट किया है।




▶▶| शेष पेज 08 पर

# विद्युत कंट्रोल रूम का फोन खराब उपभोक्ता हो रहे लगातार परेशान


हरि भूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- पुराना होने के कारण बार-बार हैंग भी हो रहा

गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के बीच पखांजुर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां कंट्रोल रूम में लगा मोबाइल फोन खराब होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि कंट्रोल रूम का मोबाइल फोन काफी पुराना हो चुका है और बार-बार हैंग हो जाता है। ऐसे में जब उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायत या आपात स्थिति की जानकारी देने के लिए कॉल करते हैं, तो फोन रिसीव ही नहीं होता। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मीडिया द्वारा जब इस मामले में कंट्रोल रूम से संपर्क किया गया, तो सबस्टेशन ऑपरेटर ने बताया कि मोबाइल फोन पुराना होने के कारण ठीक से काम नहीं कर रहा है और कई बार कॉल रिसीव नहीं हो पाता।

इस समस्या की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्यालय ऑपरेटर शुभंकर ने भी पुष्टि करते हुए बताया कि फोन खराब होने के कारण कॉल रिसीव करने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि कई बार लाइनमैन द्वारा बार-बार कॉल करने के बावजूद फोन नहीं उठ पाता, जिससे आपात स्थिति में भी संपर्क नहीं हो पाता। क्षेत्र में 11 केवी लाइन और एलटी तार टूटने जैसी घटनाएं आम हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। ऐसे में कंट्रोल रूम से संपर्क न हो पाना गंभीर चिंता का विषय है।

▶▶| शेष पेज 08 पर




### जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरू



पखांजुर। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत पखांजुर में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स कृष्णपाल राणा, प्रणव किर्तनीया, राजेश पाल एवं उत्तम मंडल द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की सटीकता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया। जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और प्रशासनिक निर्णयों का आधार होती है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें।

## सौंदर्यीकरण से संवरेगा शहर

# विकास कार्यों का विधायक-कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- यातायात सुधार और स्वास्थ्य सुविधाओं में भी हो रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय में विकास कार्यों को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता तेज हो गई है। शहर के सौंदर्यीकरण से लेकर यातायात सुधार और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तक, कई महत्वपूर्ण योजनाओं को जमीन पर उतारने की दिशा में तेजी दिखाई दे रही है।

इसी क्रम में विधायक आशाराम नेताम और कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने अधिकारियों की टीम के साथ औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक और अधिकारी 21 अप्रैल की सुबह सबसे पहले अलबेलापारा तालाब के सौंदर्यीकरण योजना पर चर्चा हुई, जिसमें रिटर्निंग वॉल, स्लोप रिपेयरिंग, पाथवे, रेलिंग और सीसी रोड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा घड़ी चौक को आधुनिक रूप देने के साथ यहां चौपाटी विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिसके लिए जर्जर भवन को हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्य मार्ग से पंडरीपानी तक सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और पीएचई विभाग को पाइपलाइन बिछाने का काम एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। अन्नपूर्णापारा में दूधनदी पर प्रस्तावित पुल के लिए स्थल का निरीक्षण कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। यह पुल बनने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा और आवागमन सुगम होगा।



▶▶| शेष पेज 08 पर

### ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत जिला अस्पताल परिसर और नवनिर्मित ट्रॉमा यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई, आंतरिक वायरिंग, शेड निर्माण और ओपीडी व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि मरीजों को अधिक सुविधा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### दिव्या बनी वनोपज समिति बनियागांव की प्रबंधक

**जगदलपुर।** प्राथमिक लघु वनोपज समिति बनियागांव के नव चयनित समिति प्रबंधक दिव्या कश्यप बनी, उन्होंने मंगलवार को उपस्थिति दी है। इस दौरान दिव्या के पिता झिटकू राम कश्यप, लघु वनोपज समिति बनियागांव के अध्यक्ष हरदास मौर्य, वन अधिकारी गुलशन साहू आदि शामिल रहे।

### अग्निवीर में युवाओं की कोचिंग 4 मई से

**जगदलपुर।** भारतीय थल सेना में अपनी सेवाएं देने का सपना देख रहे जिले के युवाओं के लिए जिला प्रशासन ने सहायता का हाथ बढ़ाया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जून में प्रस्तावित अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास आयोजित की जा रही है। यह विशेष प्रशिक्षण 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक किया जाएगा। बस्तर जिले से 620 अभ्यर्थियों ने थल सेना की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराया है। 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### कलेक्टोरेट में कबाड़ की होगी बिक्री

**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग के अंतर्गत नाजरात शाखा में जमा अनुपयोगी शासकीय सामग्रियों को कबाड़ के रूप में बेचा जाएगा । जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नाजिर के पास आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित दरों पर सामग्री का क्रय कर सकते हैं।

### कृषि उत्पादन आयुक्त समीक्षा करेंगे 28 को

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अंतर्गत रबी 2025-26 की समीक्षा एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर संभाग स्तरीय बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच जारी

## पेरमापाल, कीलम, बेचा, टिमनार में की गई जांच, दूरस्थ गांवों तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत सघन स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक परिवार के सदस्यों का परीक्षण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें रूरल मोबाइल मेडिकल यूनिट और रेडक्रॉस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक पहुंचकर सेवाएं दे रही हैं। जिले के पेरमापाल, कीलम, बेचा और टिमनार जैसे दूरस्थ अंचलों में पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की जांच की।

### कई गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग

*अभियान के तहत टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, फाइलेरिया, मधुमेह, कैंसर, मोतियाबिंद, सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक देखभाल से जोड़ा जा रहा है।*



### मौके पर दवा और जरूरत पर रेफरल

*जांच के दौरान मरीजों को मौके पर ही दवाइयां दी जा रही हैं। जबकि गंभीर मामलों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को अपने गांव- घर में इलाज की सुविधाएं मिल रही है। ग्रामीणों को कहना है कि जांच के बाद तत्काल दवा मिलने से काफी राहत है। इसके अलावा बीमारी के बढ़ने पर जिले के बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के मिलने से जीवन अब आसान लगने लगा है।*

## सफलता : केशकाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ओडिशा से रायपुर ले जा रहे थे गांजा

# 115 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केशकाल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह से 115.214 किलोग्राम गांजे के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 115.214 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 11 लाख 52 हजार 140 आंकी गई है, जब्त किया। इसके साथ ही महिंद्रा एक्सयूवी 500 आरजे 14 यूएफ 2337 वाहन, जिसकी कीमत लगभग 18 लाख है को भी जब्त किया गया। कुल जब्ती की कीमत लगभग 29 लाख 52 हजार 140 रुपए बताई जा रही है।

**एमसीपी लगाकर रोकी गई संदिग्ध कार** – पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी केशकाल अरुण कुमार नेताम के मार्गदर्शन





में थाना केशकाल के सामने एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी।

इसी दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। वाहन नहीं रुकने पर घेराबंदी कर उसे रोका गया। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 53 पैकेट में पैक गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज सिंह राठौड़ एवं पंकज पुरी गोस्वामी, निवासी जिला भीलवाड़ा राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका** – कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास बघेल, उपनिरीक्षक कवल सिंह सोरी, उपनिरीक्षक प्रेमनाथ बघेल, सउनि रामकृष्ण जैन सहित पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस की सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत हुआ है।

# बोरगांव के दुर्गा कृषि केंद्र पर लगाया 21 दिन का प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार कृषि विभाग की टीम कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं अमानक सामग्री की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित निरीक्षण कर रही है।

- कृषि आदानों की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

इसी क्रम में विकासखंड फरसगांव अंतर्गत बोरगांव स्थित दुर्गा कृषि केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था द्वारा भंडारित उर्वरकों से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिसे गंभीर अनियमितता माना गया।

इस पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से दुर्गा कृषि केंद्र के क्रय-विक्रय पर 21 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही संस्था को निर्देशित किया गया है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराएं। निर्धारित समय में अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित केंद्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई सहायक संचालक कृषि दीपक शर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आनंद नेताम, शेष मानी पांडे एवं उर्वरक निरीक्षक शशिकांत नाग की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# डीआरजी बस्तर फाइटर्स को दे रहे चारपहिया वाहन चालन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के डीआरजी बस्तर फाइटर्स के जवानों को आत्मनिर्भर और आपातकालीन स्थितियों के लिए सक्षम बनाने हेतु चारपहिया वाहन चालक प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण पुलिस लाइन कोंडागांव में संचालित किया जा रहा है।

- कोंडागांव पुलिस की पहल
- दो दिन में 40 को दिया गया प्रशिक्षण

पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भा.पु.से. के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बस्तर फाइटर्स सतीश भार्गव के मार्गदर्शन एवं रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत के नेतृत्व में वाहन शाखा के प्रशिक्षित चालकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान में महिला बल को विशेष प्राथमिकता देते हुए उन्हें भी समान रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। 19 अप्रैल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिदिन 10–10 पुरुष एवं महिला जवानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 22 पुरुष एवं 18 महिला कर्मचारियों को चार पहिया वाहन चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को वाहन संचालन का व्यवहारिक ज्ञान, ड्राइविंग स्किल्स तथा आपातकालीन परिस्थितियों में वाहन संचालन की दक्षता विकसित करने पर विशेष



ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वे किसी भी स्थिति में तत्परता से कार्य कर सकें। यह पहल पुलिस बल की कार्यक्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इससे जवानों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। कोंडागांव पुलिस की यह पहल सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सराहनीय कदम है।



# बालक और कन्या छात्रावास भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

आदिवासी विकास विभाग द्वारा विकासखंड के लंजोड़ा में प्री-मैट्रिक बालक/कन्या छात्रावास परिसर में कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंगलवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। लगभग 19.39 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य का शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।

- ग्राम लंजोड़ा में में विधायक नीलकंठ ने किया

कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत लंजोड़ा के सरपंच सुनील नेताम ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकुराम नेताम, नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जनपद सदस्य विजय मरकाम, उपसरपंच सुखराम नेताम, फरसगाँव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पाण्डे , श्रीमती श्याम नेताम, सहायक आयुक्त कृपेन्द्र तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि छात्रावास में नए कक्ष के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ग्राम लंजोड़ा के पंचगण, ग्रामीणजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव पर पूजन-हवन से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

सर्व ब्राह्मण समाज नारायणपुर द्वारा भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और सहभागिता के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। प्रातः सामाजिक भवन में विधिवत अखण्ड रामायण पाठ से हुई। पूरे दिन श्रद्धालुजन भक्ति में लीन रहे और रामायण के पावन पाठ से वातावरण दिव्यता से ओत-प्रोत हो गया। पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

शोभायात्रा जय स्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, चांदनी चौक, सोनपुर रोड एवं मेन रोड से होकर पुनः सामाजिक भवन में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जयकारों, भजनों और धार्मिक नारों से पूरा नगर गूंज उठा, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इसके उपरांत वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर सामाजिक स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

सर्व ब्राह्मण समाज की एकजुटता और श्रद्धा का अद्भुत संगम



### आयोजन ने धार्मिक आस्था को किया सुदृढ़

उल्लेखनीय है कि सर्व ब्राह्मण समाज नारायणपुर द्वारा विगत कई दशकों से इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का निरंतर संचालन किया जाता रहा है, जिनका उद्देश्य समाज में एकता, आध्यात्मिकता एवं लोककल्याण की भावना को सुदृढ़ करना है। समाज के इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

### परंपरा और आत्मिक एकता का जीवंत प्रतीकः झा

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज नारायणपुर के अध्यक्ष आलोक कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, परंपरा और आत्मिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने, संस्कारों को सुदृढ़ करने तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। हम सभी का दायित्व है कि इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु समर्पित रहें।

## जिला मुख्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की समीक्षा बैठक

# युवा सेवाभावना के साथ राष्ट्रहित के लिए करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा ने अपने तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव जिले में स्काउट–गाइड गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। यह बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित हुई, जिसमें जिले भर के स्काउटर, गाइडर एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत का तीन दिवसीय बस्तर प्रवास

कार्यक्रम की शुरुआत रेंजर्स द्वारा तिलक एवं आरती से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद रोवर–रेंजर ने जनरल सल्यूट देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश चौरड़िया का स्वागत शिक्षा विभाग एवं स्काउट–गाइड पदाधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ, उत्तर प्रदेश में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। बैठक में वर्ष 2025–26 की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें अंशदान पंजीयन व आय–व्यय विवरण, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के शिविर, कॉलेज स्तर पर दल विस्तार, फ्लैग स्टीकर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिला व राज्य स्तरीय रैली एवं पुरस्कार शिविर, रोवर–रेंजर जंबूरी व अन्य आयोजनों की जानकारी शामिल रही इसके साथ ही जिले में संचालित स्काउट–गाइड संस्थाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### मूल उद्देश्य समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण : खालसा

राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा ने कहा कि स्काउटिंग–गाइडिंग का मूल उद्देश्य समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने सभी स्काउटर एवं गाइडर को सेवा भावना के साथ कार्य करने और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को बस्तर की पारंपरिक धातु शिल्प भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे स्थानीय संस्कृति की झलक भी दिखाई दी।

### बड़ी संख्या में स्काउटर गाइडर रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सियाराम नेताम, चमन लाल सोरी, नीलम श्रीवास्तव, श्यामलाल कोर्राम, ऋषिदेव सिंह सहित जिले के कई पदाधिकारी, स्काउटर, गाइडर एवं रोवर–रेंजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्काउटर ऋषिदेव सिंह द्वारा किया गया। इस समीक्षा बैठक से कोंडागांव जिले में स्काउट–गाइड गतिविधियों को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 46 केंद्रों में होगी मंडी बोर्ड उप निरीक्षक की परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल 26 अप्रैल को उप निरीक्षक मंडी की भर्ती परीक्षा करेगा। 46 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां 12,136 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। यह परीक्षा प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। लेकिन इसमें सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। लिखित परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। सुरक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। सघन तलाशी और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से मिलान किया जाएगा। मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। विशेष ड्रेस कोड भी लागू किया गया है। जिसके तहत परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर आने की हिदायत दी गई है।

## पेज 7 के शेष

### कोल्ड ड्रिंक के 10...

मारपीट से मेरे दाहिने हाथ, पीठ, सिर एवं बांएं गाल में चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रवीण हालदार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वही दूसरे पक्ष से पीव्ही 55 वार्ड क्रमांक 3 पखांजुर निवासी 42 वर्षीय प्रवीण हालदार पिता राजेन्द्र हालदार ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को दोपहर 2 बजे पेट्रोल पम्प के पास पान ठेला दुकान गया और दुकानदार से कोल्ड ड्रिंक मांगा, तो दुकानदार बोला नहीं है। मैं दुकानदार से पूछा कि लिमका कितने आता है, दुकानदान बोला 100 रूपएं का। मैं बोला दूसरे जगह तो 90 रूपएं का मिलता है, तो दुकानदार में आकर गाली देने लगा और दुकान से बाहर आया जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से मेरे दाहिना हाथ और कमर में चोट लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार सचिन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विद्युत कंट्रोल रूम...

अगर समय पर सूचना नहीं पहुंची तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### विकास कार्यों का विधायक...

निरीक्षण के दौरान मस्जिद चौक और भंडारीपारा-मनकेशरी बाईपास तक सड़क निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। इसके साथ ही तालाब मेड़ के नीचे 300 मीटर सड़क निर्माण की योजना पर भी काम तेज करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा के क्षेत्र में भी पहल करते हुए शहीद रामकुमार यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रही नीट की निःशुल्क कोचिंग का निरीक्षण किया गया, जहां 150 विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना जांगला क्षेत्रांतर्गत ग्राम जैगूर के जंगल में 26 फरवरी को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 1 अज्ञात पुरूष माओवादी का शव एवं एक महिला माओवादी का शव सहित नक्सली साहित्य हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 30 अप्रैल तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### महापौर की घोषणा नहीं मानते कर्मचारी

**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महापौर ने नगर वासियों को बकाया जल कर में



ब्याज की राशि को 100 प्रतिशत माफ करते हुए हितग्राहियों को लाभ देने की बात की थी जिसके लिए हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया गया है। परंतु जो हितग्राही बकायेदार हैं वह जब राशि जमा करने के लिए जा रहे हैं तो कर्मचारियों के द्वारा माफ करने वाला आदेश अभी तक नहीं मिला है कह रहे हैं। ऐसे में वह हितग्राही दुविधा में है कि महापौर की घोषणा सही है या सिर्फ घोषणा मात्र है। क्योंकि ब्याज माफी के लिए महापौर परिषद एवं सामान्य सभा से पारित करते हुए जनता को लाभ दिया जा सकता है। परंतु आज तक वह आदेश जल कर विभाग में नहीं दी गई है । उन्होंने कहा कि महापौर के द्वारा जो भी घोषणा और वादे किए जा रहे हैं वे झूठे साबित हो रहे हैं । प्रशासनिक जवाब से यह तो स्पष्ट हो रहा है कि 20 मार्च को महापौर ने घोषणा में अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय की है फिर भी आज 21 अप्रैल तक आदेश नहीं होना जुमले जैसा प्रतीत हो रहा है। महापौर को जब जनता से दर बढ़ाकर वसूली करना होता है तब तत्काल प्रभाव से लागू हो जाता है। 300 में दी जाने वाली टैंकर 500 में और 500 का टैंकर 1000 में दी जा रही है।

## निधन

### ललिता दास

**जगदलपुर।** अब्दुल कलाम वार्ड निवासी दामोदर दास की पत्नी ललिता दास (65) का आज



दोपहर में महारानी अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ रही। शहर के बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल में लंबे समय तक शिक्षिका के रूप में सेवा देने के बाद वह सेवानिवृत हुई थी। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार की सुबह 10 बजे गृह निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह पति, एक पुत्र और पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण में हुआ अलंकरण समारोह

## दीक्षा बघेल बनी विद्यालय कैप्टन, रूबी नाग वाइस कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में गरिमामयी एवं प्रेरणादायक पदग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम का संचालन संदीपा एवं प्रियंका द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गीदम रामकुमार श्याम, प्राचार्य कुलदीप सिंह, उप प्राचार्य टीएल साहू तथा समस्त शिक्षकगण द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य कुलदीप सिंह ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए छात्र नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छाया सिन्हा द्वारा



सभी छात्र पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। इस सत्र के प्रमुख छात्र पदाधिकारी विद्यालय कैप्टन दीक्षा बघेल, उप कैप्टन रूबी नाग, सीसीए कैप्टन गरिमा, स्पोर्ट्स कैप्टन खुशबू, अनुशासन प्रभारी रामशिला,

इको क्लब कप्तान हिना, स्वच्छता प्रभारी शर्मिला अटामी रहे। मुख्य अतिथि रामकुमार श्याम थाना प्रभारी गीदम ने प्रेरणादायक उद्बोधन में एकलव्य की कथा के माध्यम से विद्यार्थियों को समर्पण, अनुशासन एवं गुरु-भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय एवं सतत परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में शुभम सांगवान पीईटी एवं माधुरी रात्रे का विशेष योगदान रहा। साथ ही सदन के सभी प्रभारियों एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय सहयोग रहा। अंत में उप प्राचार्य टीएल साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करने पर युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष के खिलाफ मातृ एवं कन्या शक्ति ने भाजयुमो दंतेवाड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चितालंका के सामने में हल्ला बोल कांग्रेस का पुतला दहन किया। भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़ीं जिले की हर

■ गठबंधन ने अवरोध उत्पन्न कर नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का किया पाप

वर्ग और क्षेत्र से मातृ एवं कन्या शक्ति जन आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हुई।

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने नारी जन आक्रोश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और विपक्षी दलों ने साबित कर दिया कि वे महिला विरोधी हैं। कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दल के नेताओं को यह पसंद नहीं है कि गांधी परिवार के अलावा कोई भी महिला लोकसभा एवं विधानसभा में नेतृत्व करें। देश की महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में उनका 33 प्रतिशत नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लाया गया था। देशभर की



मातृशक्ति में इस अधिनियम को लेकर काफी उत्साह था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी माता-बहनों की खुशी कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी राजनीतिक चरित्र के चलते साकार नहीं हो पाई। इण्डी गठबंधन ने इसमें अवरोध उत्पन्न करके नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का पाप किया है।

जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए सदन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पेश किया ताकि देश की महिलाएँ 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं में नेतृत्व करे और विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में सहभागी बने लेकिन कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को यह नागवार गुजरा और अपने महिला विरोधी चरित्र को एक बार फिर से उजागर करते हुए इस अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने इस अधिनियम को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझती है।

सरपंच प्रमिला सुराना ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने न केवल इसे पारित होने से रोका बल्कि देश की आधी आबादी महिलाओं के अधिकारों का विरोध कर उनका हक छीना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति रुष्ट है। भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर नारी के संवैधानिक अधिकारों व सम्मान की रक्षा की है। महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए भाजपा संकल्पित है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वन्दन अधिनियम सहित तीन विधेयक लोकसभा में लाए गए थे। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर देशभर की महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा था। उन्हें तथा समाज के सभी वर्गों को विश्वास था कि यह विधेयक पारित हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस के लोगों ने अपने मनगढ़ंत तर्कों व कुटिल सोच के साथ इस बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है।

सरपंच संध्या शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएँ अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं। जब-जब महिलाओं के हित और अधिकारों की बात आई, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं को प्रताड़ित करने का काम ही किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर कांग्रेस पार्टी गद्दारी कर रही है और यही कांग्रेस की सोच है। कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती कि मातृशक्ति देश का नेतृत्व करें। वे महिलाओं को आज भी घर की चार दिवारी में कैद कर रखना चाहते है। ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। महिलाएँ अपने हितों को लेकर जागरूक हो चुकी है लेकिन एक ओर कांग्रेस है जो हमेशा महिलाओं को छलने का काम करती है। उन्हें कभी आगे बढ़ने का मौका कांग्रेस ने नहीं दिया। देश की महिलाएँ कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी महिला,समस्त मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी बहनें शामिल हुईं।

# महिला आरक्षण बिल पर भ्रम फैलाकर गुमराह कर रही भाजपाः तुलिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

संसद के पटल पर महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरने के बाद से ही भाजपा मुखर होकर देश भर में कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस के खिलाफ देश भर में धरना, प्रदर्शन, पुतला दहन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के विरोध में अब महिला कांग्रेस भी मैदान में उतर चुकी है। महिला कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते देश की महिलाओं को भ्रमित एवं गुमराह करने

■ महिला आरक्षण पर भाजपा के आरोपों पर महिला कांग्रेस का पलटवार

का आरोप मढ़ा है। इसी मुद्दे को लेकर दंतेवाड़ा महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर महिला आरक्षण के मसले पर भाजपा के नियत पर सवाल खड़े किया है।

मंगलवार दोपहर 1 बजे राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण पर झुठ फैलाकर देश की भोली भाली महिलाओं को गुमराह करने उन्हें भ्रमित करने का काम कर रही है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। सितंबर 2023 में संसद में जब महिला आरक्षण बिल पारित हुआ था तो कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने इस बिल के समर्थन में वोट किया था। देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिले हम इसके पक्ष में सरकार के साथ खड़े थे।

अगर कांग्रेस इस बिल के विरोध में होती तो इसे पारित कराने में पार्टी समर्थन क्यों करती, जब सारे दलों के समर्थन से यह बिल पास हुआ था तो इसे लागू क्यों नहीं किया, 2023 से लेकर 2025 तक इस कानुन को क्यों लटकाए रखा, अब जब 2026 में देश में 5 राज्यों में चुनाव है तो इसका राजनीतिक फायदा लेने के लिए इसमें परिसिमन कराने के नाम पर इस बिल को फिर से संसद में लेकर आ गए। जब आपका बिल संसद में गिर जाता है तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस का नाम ले लेकर कोसती है और कहती है कांग्रेस ने इस बिल को समर्थन नहीं किया क्योंकि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल की विरोधी है। तुलिका कर्मा ने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसके तात्कालिन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायती राज अधिनियम इस देश में लागू किया था जहां वार्ड पंच, सरपंच से लेकर विधायक एवं संसद तक में महिलाओं को आरक्षण दिया जिसके वजह से आज लोक सभा एवं राज्य सभा में महिलाएं चुनकर आ रही है ये कांग्रेस सरकार की वजह से हो पाया है और ये हमको महिला विरोधी होने की बात कहते हैं इनको अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए कि इन्होने आज तक महिलाओं के लिए क्या किया है। महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान अपनी बात रखते कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को लेकर इतने ही निष्पक्ष थे तो उन्होने 2011 की जनगणना को आधार बनाकर क्यों इस बिल को लाया और परिसिमन को मुद्दा क्यों बनाया, हम तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने पर सहमत थे समर्थन भी कर चुके थे 2023 में। भाजपा महिलाओं की आड़ में जो खेल खेलना चाह रही थी उसे कांग्रेस ने पहचान लिया था इसीलिए हमने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक बिल पर संसद में समर्थन नहीं किया। आरक्षण देना ही है तो 543 सीटों पर ही आरक्षण दिजिए ना महिलाओं को कौन रोका है। जब 128वें संशोधन बिल के तहत 2023 में महिला आरक्षण बिल संसद के पटल पर पास हो चुका है और यह कानुन भी बन चुका है तो फिर परिसिमन जनगणना के आड़ में फिर से बिल में 3-3 संशोधन पास करवाकर आखिर मोदी सरकार क्या करने जा रही थी ये उन्हें ईमानदारी से देश को बताना चाहिए। इंदिरा शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण के मसले पर भाजपा अपना राजनीतिक फायदा देख रही है जिसे देश ने नकार दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा शोरी ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में आज महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। बीते 2 वर्ष के अंदर जिले में महिलाओं के साथ ब्लात्कार की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। शर्मनाक बात यह है कि महिलाओं के साथ रेप की कई घटनाओं में यहां की प्रशासन ने कोई जांच कारवाई नहीं किया है। हमारी कांग्रेस पार्टी की महिला विंग ने ज्यादातर मामले को उजागर किया है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफतार किया है यह बेहद की शर्म की बात है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर छ.ग.की साय सरकार पुरी तरह से विफल रही है। परिसिमन की आड़ में पोलिटीकल फायदा उठाने की कोशिश भाजपा कर रही थी जिसे देश की तमाम विपक्षी पार्टियों ने समर्थन न कर भाजपा को आईना दिखाने का काम किया है जिसका महिला कांग्रेस पार्टी स्वागत करती है।

# सीबीएसई 10 वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने बताया कि विद्यालय का परिणाम अच्छा रहा। जिसमें पूजा कश्यप ने 82.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कनुप्रिया कश्यप 81 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर कुशाग्र बघेल 80 प्रतिशत तथा खेमेश्वर मौर्य एवं लिमबती भारती ने 77.20 प्रतिशत में उत्तीर्ण होकर शाला का गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परिणाम विकासखंड में सबसे अच्छा रहा, इस पर प्राचार्य ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। आने वाले सत्र में भी परिणाम बेहतर रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिसमें सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का सुकमा प्रवास निराशाजनक : हरीश कवासी

## तेंदूपत्ता के दाम और बोनस को लेकर सरकार ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सीएम दौरे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी ने तंज कसते हुए कहा कि बड़ी सौगात की जगह छोटा पुलिया दिया गया और आदिवासियों की रिहाई और तेंदूपत्ता पर सरकार खामोश दिखी।

मुख्यमंत्री के सुकमा दौरे को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने

■ मंदिर नहीं स्वास्थ्य सुविधा पर दे ध्यान

प्रेसवार्ता कर सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले की जनता को मुख्यमंत्री से बड़ी घोषणाओं जैसे मेडिकल कॉलेज, सिंचाई योजना और रोजगार की उम्मीद थी, लेकिन इसके बजाय छोटी-छोटी पुलिया की सौगात देकर जनता के साथ मजाक किया गया।

### तेंदूपत्ता पर क्यों खामोश है सरकार

हरीश कवासी ने कहा कि सुकमा जैसे आदिवासी बहुल जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ तेंदूपत्ता है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप है। तेंदूपत्ता के दाम और बोनस को लेकर सरकार कोई




जवाब नहीं दे रही, जबकि दूसरी ओर तीन करोड़ रुपये की लागत से राम मंदिर निर्माण किया जा रहा है। हरीश कवासी ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि विकास का मतलब केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी है।

### घोषणाओं तक सीमित है सरकार

कवासी ने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान गांव-गांव में देवगुड़ी और मातागुड़ी के जीर्णोद्धार का काम किया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देवगुड़ी भी बनाए और राम मंदिर भी, लेकिन सबसे पहले जनता की मूल जरूरतों तेंदूपत्ता, शिक्षा और स्वास्थ्य कृपा ध्यान दे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार प्राथमिक मुद्दों से ध्यान भटका रही है और सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है।

### जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों की हो रिहाई

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने मुख्यमंत्री के दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने नक्सल मामले में जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों की रिहाई को लेकर कोई घोषणा नहीं की। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए निंदा की। कवासी ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में न्याय और विश्वास बहाली के लिए ऐसे फैसले जरूरी हैं, लेकिन सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पूरी तरह चुप नजर आई।

# कलेक्टर ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जनगणना की तैयारियों को लेकर जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

■ जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं प्रशिक्षण सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जो देश की नीतियों और योजनाओं की आधारशिला तय करता है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी संकलित करें तथा प्रत्येक परिवार से संवाद स्थापित कर सही डेटा संग्रह सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर्स को उन्होंने अपने अधीन कार्यरत




प्रगणकों की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों के उपयोग, समय-सीमा के पालन तथा गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय होती हैं, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्र भरने की विधि, मोबाइल एप के उपयोग एवं संभावित चुनौतियों के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी।

अंत में कलेक्टर ने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स से पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई, ताकि जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, तहसीलदार पंचराम सलामे मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# एनएसएस की बैठक में तय हुई नई दिशा

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जिला बस्तर की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिले भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लेकर अपने-अपने संस्थानों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य एनएसएस के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा आगामी योजनाओं के लिए ठोस रणनीति तय करना रहा। बैठक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न शिविरों,जागरूकता अभियानों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान यह भी तय किया गया कि आने वाले समय में योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक संगठित एवं परिणाममुखी तरीके से किया जाएगा।

# स्व-सहायता समूहों को मिली वाहन की सौगात

**बीजापुर।** जिला पंचायत बीजापुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना एजीईवाय के तहत आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और परिवहन सुविधा को नई दिशा दी है। इस कार्यक्रम के तहत विकासखंड भैरमगढ़ के सीएलएफके (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) को 3 वाहन तथा विकासखंड उसूर के सीएलएफके को 1 वाहन प्रदान किया गया।



# ग्रामीणों को साइबर अपराध व यातायात नियमों की दी जानकारी

## कोड़ेकुर्से में पुलिस का जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंदे के निर्देश एवं वरिष्ठ कार्यालय कांकेर के मार्गदर्शन में ग्राम कोड़ेकुर्से के पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में थाना से प्रआर 1003 कृष्णा यादव, बीट प्रभारी आर 719 विजय नेताम सहित पुलिस टीम निर्धारित समय पर पंचायत भवन पहुंची। पुलिस टीम ने गांव की गतिविधियों की जानकारी लेने के बाद लोगों को साइबर अपराध/फ्रॉड से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही यातायात नियमों के तहत वाहन संबंधी दस्तावेज, बीमा नवीनीकरण,




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। इस अवसर पर आरक्षक रुपेश कोड़ोपी, बस्तर फाइटर हुलसी साहू, रंजीता मरकाम सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को मोर मितान ग्रुप से जुड़कर संदिग्ध गतिविधियों एवं किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए हेलमेट पहनने, सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और नियमों का पालन करने की अपील की। बताया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में महिला संबंधी अपराध, नशा मुक्ति अभियान तथा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को लेकर भी जागरूक किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों से अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा एवं बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल देने की अपील की, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के लिए लगेगा शिविर आज

**कांकेर।** जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के हित में विशेष पहल करते हुए निःशुल्क सहायक उपकरण के मूल्यांकन, नवीनीकरण एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन 22 अप्रैल से किया जा रहा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में पहला शिविर 22 अप्रैल को लाइवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### जलने से झुलसी महिला की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा निवासी 56 वर्षीय रूकदाय बाई पति मानूराम की जलने से मौत हो गई है। डीकेएस सुपर स्पेशलटी अस्पताल रायपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका जल गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत

**धमतरी।** शादी का निमंत्रण कार्ड देने जा रहे युवक की बाइक की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इस घटना में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरबांधा निवासी संजय कोडोपी पिता अर्जुन उम्र 22 वर्ष मजदूरी करता था। युवक रविवार की शाम अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 7530 से शादी का कार्ड देने ग्राम पहारियाकोन्हा जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 05 एटी 1819 आ रही थी। ग्राम पहारियाकोन्हा के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन की मदद से रात्रि में श्रीराम अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### आनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** मोबाइल के माध्यम से आनलाइन लिंक से क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख कार्रवाई की जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष रुप से आनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैचों में सट्टा खिलाने वालें पर नजर रखी जा रही थी। मुखबिरों को सक्रिय कर आनलाइन सट्टा संचालित करने वालों की जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबिर से शंकर मंगलानी पिता सत्यानंद उम्र 39 वर्ष बनियापारा धमतरी निवासी द्वारा अपने मोबाइल से आनलाइन लिंक के जरिए क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रेड की कार्रवाई कर आनलाइन आईपीएल सट्टा खिला रहे शंकर मंगलानी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

### निगम के कार्यपालन अभियंता निलंबित

**धमतरी।** पेयजल योजना की धीमी रफ्तार से नाराज नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने धमतरी नगर निगम के कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया है। वहीं संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने का आदेश दिया है। गर्मी कहर बरपा रही है, लेकिन नगर निगम में पेयजल योजना कछुआ चाल से चल रही है। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री अरूण साव ने धमतरी नगर निगम के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र सिंह जगत को तत्काल निलंबित कर दिया है।

## पुलिस ने काउंटर केस किया कायम

# काम में देरी से निकलने की बात पर दो पक्षों में विवाद, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत चारभाठा के मजदूरों के बीच काम में निकलने के लिए देरी होने की बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हुए मारपीट किया। दोनों पक्ष की बात सुन पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे ठाकुरपारा चारभाठा निवासी 25 वर्षीय सुमीत गोस्वामी पिता सुभाष गोस्वामी ने पुलिस को बताया गांव के रमाकांत देवांगन ठेकेदार के पास वह और उसकी पत्नि एवं 10-12 महिला पुरूष मजदूर एक वर्ष से काम करते हैं। हमारे गांव के स्कूलपारा चारभाठा यश कुमार ऊर्फ गप्पु व उसका बड़े भाई मुकुंद ऊर्फ पप्पु भी साथ में काम करते है। 19 अप्रैल को कांकेर पण्डरीपानी काम करने गए थे, वापस लगभग साढ़े 9 बजे गांव आने से पीकअप वाहन को रमाकांत देवांगन मुकुंद निर्मलकर के घर के पास खड़ा कर दिया। तब वह और मेरी पत्नि वर्षा गोस्वामी दोनों ने मुकुंद और यश



को तुम दोनों हमेशा काम करने जाने में लेट करते हो जल्दी तैयार होकर आना बोले तो मुकुंद और यश ने मुझे और मेरी पत्नि को गाली दिया। हम दोनों को ठेकेदार ने मोटर सायकल से घर छोड़ने चला गया। अगले दिन 20 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे काम करने कांकेर पण्डरीपानी जाने के लिए मुकुंद निर्मलकर के घर के पास गाड़ी खड़ी थी। वहां पर हम लोग गए।

तभी मुकुंद और यश निर्मलकर ने गाली देते हुए मारने पीटने लगे इस वजह से हम लोग काम करने नहीं गए। उसके बाद यश कुमार अपने घर के पास हमे देखकर गाली गलौज कर जान से मार दूंगा बोलकर लकड़ी के बत्ता से सिर में मारा तथा मेरी पत्नि को धक्का मुक्की किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुकुंद निर्मलकर और यश कुमार निर्मलकर के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### लकड़ी व ईंट से की मारपीट जान से मारने की दी धमकी

दूसरे पक्ष से स्कूलपारा चारभाठा निवासी हिराबाई निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि मजदूरी का काम करती हूं। मेरे दो लड़का है मुकुंद निर्मलकर और यश कुमार निर्मलकर दोनो कुली मजदूरी का काम करते है। हमारे गांव के रमाकांत देवांगन ने आसपास के नवा बिल्डिंग के छत ढालने का ठेका लेकर काम कराता है। मेरे दोनों लड़का, वह और मेरे पति भी उसी के पास काम करने जाते है कि 19 अप्रैल को छत ढालने के लिए पण्डरीपानी कांकेर गए थे। शाम को वापस घर आकर बताए की सुमीत गोस्वामी व उसके पत्नि वर्षा गोस्वामी दोनों ने काम में हमेशा लेट से काम करने आते हो कहकर झगड़ा किया। 20 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजें मुकुंद कुमार निर्मलकर को सुमीत गोस्वामी व वर्षा गोस्वामी दोनो मिलकर झगड़ा किए और मेरे घर आकर यश को लकड़ी व ईट से जान से मार देंगे बोलकर मारपीट करने लगे, जिससे मेरा बेटा यश कुमार निर्मलकर के मुह व मस्तक में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुमीत गोस्वामी और वर्षा गोस्वामी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# रक्तदान शिविर 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 25 अप्रैल को महारानी अस्पताल में किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं के शामिल होने की संभावना है। फाउंडेशन द्वारा देशभर में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इन शिविरों के माध्यम से शासकीय अस्पतालों के सहयोग से रक्त संग्रह कर जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है।



आयोजकों ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं के लिए जूस, बिस्किट और फल आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे रक्तदान के बाद उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशंसापत्र एवं प्रतीक चिह्न भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे समाज में सेवा के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके।

फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा,सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत निरंकारी मिशन ब्रांच के मुखी गोवर्धन दास नवतानी ने बताया कि सभी इच्छुक नागरिक इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानव जीवन बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर समाज में सेवा और मानवता की भावना को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा, जहां जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही आमजन को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### राइस मिल में लगी आग लाखों का चावल-धान खाक

**धमतरी।** बस स्टैंड के पीछे माजीसा राइस मिल में आगजनी से लाखों रुपए के चावल, धान, बारदाने जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना सोमवार की है। दोपहर में माजीसा राइस मिल के कर्मचारियों ने बारदानों से धुआं निकलते देखा। थोड़ी ही देर में आग ने भयावह रूप ले लिया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना राइस मिल संचालक के साथ फायर ब्रिगेड को दी।

# हमर लक्ष्य अभियान लाया रंग, जेईई द्वितीय सेशन में दो छात्रों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब बना जब हमर लक्ष्य अभियान के तहत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुर्गुकोंदल के दो मेधावी छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई के द्वितीय सेशन में सफलता हासिल कर विद्यालय और पूरे अंचल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

- आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थी

विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र करण कुमार कंवर एवं भूपेश कुमार कोमरा ने कठिन प्रतिस्पर्धा वाली परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता को विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। विद्यालय में संचालित हमर लक्ष्य अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है।

इसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट, समय-समय पर काउंसलिंग तथा प्रेरक सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसी का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने



लगा है। इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों में भी नया उत्साह जागा है और वे भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषयः प्राचार्य

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने छात्रों को आगे भी निरंतर मेहनत करते हुए उच्च संस्थानों में प्रवेश लेकर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने दोनों सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिले के 55 परीक्षा केंद्रों में 11811 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित होगी, जिसमें लगभग 02 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। कांकेर जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 11811 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी दिशा-निर्देशानुसार उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने की सलाह दी गई है, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। व्यापमं द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

**धार्मिक व सांस्कृतिक पोशाक पहनने वालों को आने होगा पहले :** धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें और कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

**अनुचित साधनों के प्रयोग पर कठोर कार्रवाई :** परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले बॉल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाएंगे। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जा सकता है।

# नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों से पूरी हुई बरसों पुरानी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य संबंधी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल की सक्रियता और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बचेली को जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से एक नई सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस प्रदान की गई है। आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बचेली से इस एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर सेवा के लिए समर्पित किया गया।



उल्लेखनीय है कि बचेली क्षेत्र में एक आधुनिक एंबुलेंस की भारी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नगरवासियों की इस जायज मांग को पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने गंभीरता से लेते हुए समय-समय पर क्षेत्रीय विधायक, सांसद और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तक पत्राचार के माध्यम से पहुंचाया था।

शासन-प्रशासन स्तर पर किए गए इन निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज बचेली की स्वास्थ्य सुविधाओं को यह नई मजबूती मिली है।

एंबुलेंस प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में विधायक चैतराम अटामी और जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि विधायक के मार्गदर्शन और प्रशासन के सहयोग से विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय फीस निर्धारण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम मे कलेक्टर द्वारा निर्धारित विद्यालय फीस निर्धारण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नोडल अधिकारी संतोष मिश्रा ने कहा कि विगत 9 वर्षों से विद्यालय शुल्क में किसी प्रकार की वृद्धि इस विद्यालय में नहीं हुई है। जिसके बाद आचार्यो के मानदेय में वृद्धि व विद्यालय प्रबंधन हेतु 8 प्रतिशत वृद्धि करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुल्क निर्धारण समिति के अध्यक्ष ने की। संतोष मिश्रा ने कहा इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम, संस्कार,अनुशासन मै विगत कई वर्षो से देखते आ रहा हूं। प्रांत में यह विद्यालय अव्वल स्थान पर है। सभी विद्यालयों में शुल्क में वृद्धि की गई है लेकिन इस विद्यालय में 9 वर्षो से शुल्क में वृद्धि नहीं की गई। बढ़ती महंगाई को देखते हुए विद्यालय के प्रबंधन व्यय को देखते हुए सब ने 8 प्रतिशत शुल्क वृद्धि करने के लिए सहमति जताई। साथ

- 8 प्रतिशत वृद्धि पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई



ही उन्होंने आचार्य व दीदियों के त्याग समर्पण व सेवा की सराहना की। बैठक मे अभिभावक कैलाश सोनी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर इस क्षेत्र में अपना अलग से छवि बनाया हुआ है। बौद्धिक, खेलकूद, अनुशासन संस्कार व परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम आता है जो सराहनीय है। आचार्यों की सेवा को देखते हुए और बढ़ती महंगाई को देखते हुए 8 प्रतिशत वृद्धि सहज है जिसे बढ़ाना चाहिए। हर एक दो वर्ष में वृद्धि किया जाना चाहिए जिससे बजट बराबर रहेगा और सभी प्रकार के खर्च को वहन किया जा सकेगा।

आभार प्रदर्शन विद्यालय के आचार्य गोवर्धन ठाकुर ने किया। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व भगवान गणेश की पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलन नोडल अधिकारी संतोष मिश्रा ने किया । विद्यालय समिति की ओर से नोडल अधिकारी का श्रीफल, साल व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक में शुल्क समिति के सदस्य व व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, समिति के उपाध्यक्ष सोमेश गुप्ता, शिवराज नेताम, सुरेश जय सिंघानी सहसचिव भी उपस्थित रहे। गुणवत्ता युक्त शिक्षा, संस्कार, अनुशासन की सभी ने प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि आचार्य चयन परीक्षा 2026- 27 हेतु आवेदन आमंत्रित है। उम्र की बाध्यता नहीं है अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। मानदेय समिति के द्वारा योग्यता के अनुसार दिया जावेगा। 26 से 30 के बीच में लिखित व साक्षात्कार परीक्षा होंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा विद्यालय समय मे आकर जमा कर सकते है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411